# स्वागत सम्बोधन

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) के गरिमामयी पन्द्रहवें वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के मुख्यातिथि, डॉ0 जगजीत सिंह पटियाल, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय करसोग, जिला मंडी, उपस्थित सभी गणमान्य अतिथिगण, प्राध्यापक वर्ग, कर्मचारी वर्ग, अभिभावक-शिक्षक संघ, पूर्व छात्र संघ, केन्द्रीय छात्र परिषद्, मीडिया प्रभारी एवं प्यारे विद्यार्थियों, आप सभी का मैं समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक अभिनन्दन व स्वागत करता हूँ।

इस वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के अवसर पर, हम सभी गर्व का अनुभव कर रहे हैं कि कर्मठ और सादगीपूर्ण व्यक्तित्व वाले डॉ0 जगजीत सिंह पटियाल हमारे बीच हैं। महोदय, आपने हमारे विनम्र अनुरोध पर महाविद्यालय पधार कर हमें गौरवान्वित किया है जिसके लिए हम आपके बहुत आभारी हैं।

मान्यवर, पारितोषिक वितरण समारोह एक ऐसा स्वर्ण अवसर है जिसमें होनहार छात्रों को शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल-कूद के क्षेत्र में उनकी श्रेष्ठ उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत करके सम्मानित किया जाता है। अन्य छात्रों के लिए भी यह एक प्रेरणात्मक अनुभव होता है। आप जैसे एक गम्भीर विचारक एवं बहुआयामी व्यक्तित्व के करकमलों से पुरस्कार प्राप्त कर विद्यार्थी स्वयं को सौभाग्यशाली समझेंगे। एक बार फिर महाविद्यालय परिवार की ओर से मैं आपका हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ।

मान्यवर, सन 2007 को इस महाविद्यालय का शुभारंभ हुआ था। महाविद्यालय के इस क्षेत्र में खुलने से यहाँ के स्थानीय बच्चों को विशेष लाभ हुआ है। मान्यवर इस महाविद्यालय में जुलाई 2016 से वाणिज्य की कक्षाएं तथा 2018 में विज्ञान संकाय की कक्षाएँ शुरू हुई है। वर्तमान में यह संख्या 433 तक पहुँच चुकी है। जिसमें कला संकाय में 406 छात्र, वाणिज्य विषय में **11** छात्र और विज्ञान संकाय में 16 छात्र पंजीकृत हैं। इस महाविद्यालय से शिक्षित विद्यार्थी समाज के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं। इसके साथ-साथ इस महाविद्यालय ने अपनी प्रारंभिक अवस्था में कई उल्लेखनीय कार्य किये हैं।

लंबाथाच-सराज का खूबसूरत पहाड़ी इलाका 2150 मीटर की ऊंचाई पर बाखली और चेतली खड्ड के संगम पर स्थित है। यह प्रसिद्ध शिकारी देवी मंदिर से लगभग 25 किलोमीटर दूर है, जो पौराणिक कथाओं के अनुसार पांडवों के समय से अस्तित्व में माना जाता है। इसके अलावा, महाविद्यालय के सभी प्रमुख पोषक क्षेत्रों यानी जंजैहली, चिउनी, बागा-चनौगी, थुनाग, बगस्याड आदि से सुलभ है। महाविद्यालय को 2021 में हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा "उत्कृष्ट महाविद्यालय" के रूप में भी चयनित किया गया है। कॉलेज को NAAC (राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद) ग्रेड प्रणाली द्वारा मान्यता प्राप्त है। महाविद्यालय स्थानीय लोगों के बीच वैश्विक जागरूकता लाने में सफल रहा है। यह उन्हें गांव के अनूठे सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश पर विचार कर नवप्रवर्तन के लिए प्रेरित करता है। महाविद्यालय मानविकी, वाणिज्य और विज्ञान संकायों में 15 कार्यक्रमों में पाठ्यक्रम प्रदान करता है। इसके अलावा, महाविद्यालय का लक्ष्य छात्रों को खेल, संस्कृति, एनसीसी, एनएसएस, रोवर्स एंड रेंजर्स, इको क्लब, रेड रिबन क्लब और रोड सेफ्टी क्लब की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करके उनके व्यक्तित्व का समग्र विकास करना है।

मान्यवर, अब मैं आपके समक्ष महाविद्यालय की पिछले वर्ष की उपलब्धियों का संक्षेप में विवरण प्रस्तुत करना चाहता हूँ।

## वर्गानुसार छात्र संख्या

वर्ष 2007 में जहां इस महाविद्यालय में 40 के करीब छात्रों ने प्रवेश लिया, वहीं यह संख्या इस सत्र में 433 है I महाविद्यालय में शिक्षा में गुणात्मकता लाने का भरसक प्रयास किया है I इस शैक्षणिक सत्र में राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में 433 छात्र- छात्राओं ने प्रवेश लिया I इनमे 269 छात्राएं तथा 164 छात्र हैं I जिनका विवरण निम्नलिखित है :

| कक्षा | सामान्य वर्ग | | | अनुसूचित वर्ग | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | कुल संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | छात्राएं | छात्र | कुल | छात्राएं | छात्र | कुल | छात्राएं | छात्र | कुल | छात्राएं | छात्र | कुल |
| बी० ए० प्रथम वर्ष | 41 | 28 | 69 | 23 | 26 | 49 | 5 | 1 | 6 | 69 | 55 | 124 |
| बी.कॉम. प्रथम वर्ष | 2 | 1 | 3 | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 5 | 1 | 6 |
| बी.एस.सी प्रथम वर्ष | 3 | 0 | 3 | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 5 | 0 | 5 |
| बी० ए० द्वितीय वर्ष | 48 | 28 | 76 | 33 | 28 | 61 | 2 | 1 | 3 | 83 | 57 | 140 |
| बी.कॉम. द्वितीय वर्ष | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| बी.एस.सी द्वितीय वर्ष | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 | 3 | 0 | 3 |
| बी० ए० तृतीय वर्ष | 58 | 22 | 80 | 35 | 20 | 55 | 3 | 4 | 7 | 96 | 46 | 142 |
| बी.कॉम. तृतीय वर्ष | 2 | 3 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 3 | 5 |
| बी.एस.सी तृतीय वर्ष | 5 | 1 | 6 | 1 | 1 | 2 | 0 | 0 | 0 | 6 | 2 | 8 |
| **कुल** | **159** | **83** | **242** | **100** | **75** | **175** | **10** | **6** | **16** | **269** | **164** | **433** |

## वार्षिक परीक्षा परिणाम

किसी भी शिक्षा संस्थान के स्तर की कसौटी को जांचने के लिए उसके परीक्षा परिणाम का बेहतर रहना अनिवार्य होता है I वर्तमान में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा यू. जी. सी (सी. बी. सी. एस.) रूसा पद्धति को अपनाया गया है I राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत ग्रेड सिस्टम को अपनाया गया है I इसमें पहले रोल ऑन पद्धति के आधार पर छात्रों को प्रवेश दिया जाता था I इस प्रणाली में सत्र 2016 से वार्षिक परीक्षा पद्धति को अपनाया गया, जिसमें छात्रों को उत्तीर्ण-अनुतीर्ण करके परिणाम दिया गया I सत्र 2024-25 में बी ए / बी.कॉम. / बी.एस.सी प्रथम, बी ए / बी.कॉम. / बी.एस.सी द्वितीय और बी ए / बी.कॉम. / बी.एस.सी तृतीय वर्ष की वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमे परीक्षा का परिणाम निम्नवत रहा :

| | कुल | उत्तीर्ण | अनुत्तीर्ण |
|---|---|---|---|
| बी० ए० प्रथम वर्ष | 151 | 121 | 30 |
| बी.कॉम. प्रथम वर्ष | - | - | - |
| बी.एस.सी प्रथम वर्ष | 3 | 1 | 2 |
| बी० ए० द्वितीय वर्ष | 143 | 131 | 12 |
| बी.कॉम. द्वितीय वर्ष | 5 | 5 | 0 |
| बी.एस.सी द्वितीय वर्ष | 9 | 8 | 1 |
| बी० ए० तृतीय वर्ष | 121 | 120 | 1 |
| बी.कॉम. तृतीय वर्ष | 5 | 4 | 1 |
| बी.एस.सी तृतीय वर्ष | 4 | 4 | 0 |

## छात्रवृतियां

महाविद्यालय में छात्रवृत्ति की व्यवस्था भी है, जो अधिकांश छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करती है I यह छात्रों को शैक्षिक खर्चों को संभालने में मदद करती है और उन्हें अध्ययन के प्रति अधिक समर्थ बनाती है I उच्च शिक्षा विभाग द्वारा छात्रों की योग्यता को बढाने के लिए ऑन लाइन छात्रवृति प्रदान की जा रही है जिसमें वर्ष 2024-25 में महाविद्यालय के 76 छात्रों ने आवेदन किया है I जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :

| वर्ग | सामान्य वर्ग | | | अनुसूचित जाति | | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | | कुल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | छात्राएं | छात्र | कुल | छात्राएं | छात्र | कुल | छात्राएं | छात्र | कुल | छात्राएं | छात्र | कुल |
| अनुसूचित जाति के छात्रों के लिए केंद्र प्रायोजित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना | 0 | 0 | **0** | 23 | 12 | **35** | 0 | 0 | **0** | **23** | **12** | **35** |
| ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी छात्रों के लिए पीएम यशस्वी पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति | 2 | 0 | **2** | 0 | 0 | **0** | 0 | 2 | **2** | **2** | **2** | **4** |
| कल्पना चावला छात्रवृति योजना | 3 | 0 | **3** | 2 | 0 | **2** | 1 | 0 | **1** | **6** | **0** | **6** |
| कॉलेज और विश्वविद्यालय छात्रों के लिए केन्द्रीय छात्रवृति योजना | 6 | 6 | **12** | 9 | 5 | **14** | 3 | 1 | **4** | **18** | **12** | **30** |
| विकलांग छात्रों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति | 0 | 1 | **0** | 0 | 0 | **0** | 0 | 0 | **0** | **0** | **1** | **1** |
| कुल | **11** | **7** | **17** | **34** | **17** | **52** | **4** | **3** | **7** | **49** | **27** | **76** |

## स्टाफ सदस्यों का विवरण

**शिक्षण स्टॉफ:**

| ❖ | **श्री विक्रम सिंह ठाकुर** | **प्राचार्य** |
|---|---|---|
| ❖ | प्रो. जया कुमारी | सह आचार्य (इतिहास) |
| ❖ | प्रो. रमेश चंद कटारिया | सह आचार्य (जन्तु विज्ञान) |
| ❖ | डॉ. राजिंदर सिंह तोमर | सहायक आचार्य (संगीत-गायन) |
| ❖ | डॉ. दलीप सिंह | सहायक आचार्य (भौतिक विज्ञान) |
| ❖ | प्रो. कुशाल सिंह | सहायक आचार्य (हिंदी) |
| ❖ | प्रो. ओंकार शरण वरेश्वर सिंह | सहायक आचार्य (राजनीति विज्ञान ) |
| ❖ | प्रो. बोध राज | सहायक आचार्य (वाणिज्य) |
| ❖ | प्रो. अमिता | सहायक आचार्या (अर्थशास्त्र) |
| ❖ | प्रो. नवल किशोर | सहायक आचार्य (संस्कृत ) |
| ❖ | प्रो. यामिनी शर्मा | सहायक आचार्या (समाजशास्त्र ) |
| ❖ | डॉ. एल्लू राम | सहायक आचार्य (वनस्पति विज्ञान ) |

**गैर-शिक्षण स्टॉफ :**

| | | |
|---|---|---|
| ❖ | **श्री कश्मीर सिंह** | **अधीक्षक ग्रेड - I** |
| ❖ | श्री जगदीश कुमार | वरिष्ठ कार्यालय सहायक |
| ❖ | श्री विजय कुमार | कनिष्ठ कार्यालय सहायक |
| ❖ | श्री मणी चंद | लिपिक |
| ❖ | श्री चमन लाल | सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष |
| ❖ | श्री राकेश कुमार | सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष |
| ❖ | श्री रमेश कुमार | वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक |
| ❖ | श्री देवकी नंदन | कनिष्ठ प्रवक्ता सहायक |
| ❖ | श्रीमती रुमा देवी | प्रयोगशाला परिचर |
| ❖ | श्री जय सिंह | प्रयोगशाला परिचर |
| ❖ | श्रीमती शाकुंतला देवी | प्रयोगशाला परिचर |
| ❖ | श्री दुनी चंद | प्रयोगशाला परिचर |
| ❖ | श्री गंगा राम | प्रयोगशाला परिचर |
| ❖ | श्री लाल सिंह | सेवादार |
| ❖ | श्रीमती भामा देवी | सेवादार |
| ❖ | श्रीमती लीला देवी | सेवादार |
| ❖ | श्रीमती तारा देवी | सेवादार |
| ❖ | श्रीमती मीरा देवी | सेवादार |
| **पी० टी० ए० स्टाफ :** | | |
| ❖ | श्री चितरंजन कुमार | कंप्यूटर ऑपरेटर |

## पदग्रहण

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में गत वर्ष निम्नलिखित सदस्यों ने पद ग्रहण किया :

- श्री मणि चन्द ने दो वर्ष का अनुबंध कार्यकाल पूर्ण कर 26 जून, 2024 को नियमित लिपिक का पद ग्रहण किया।
- श्री गंगा राम रा०व०मा०पा० त्रिफालघाट जिला मंडी से स्थानांतरण होकर 30 जुलाई, 2024 को प्रयोगशाला परिचर का पद ग्रहण किया।
- श्रीमती भामा देवी रा०व०मा०पा० निहरी सुनाह (लम्थाबाच) जिला मंडी से स्थानांतरण होकर 24 जुलाई, 2024 को सेवादार का पद ग्रहण किया।
- श्री चमन लाल, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय बासा (गोहर) जिला मंडी से स्थानांतरण होकर 13 अगस्त, 2024 को पद ग्रहण किया।
- डॉ० राजिंदर सिंह तोमर, सहायक आचार्य (संगीत-गायन) राजकीय महाविद्यालय हरिपुरधार, जिला सिरमौर से स्थानांतरण होकर 27 अगस्त, 2024 को पद ग्रहण किया I
- श्री विक्रम सिंह ठाकुर राजकीय महाविद्यालय नादौन, जिला हमीरपुर से सह-आचार्य (वाणिज्य) के पद से पदोन्नत होकर 09 अक्टूबर, 2024 को प्राचार्य का पद ग्रहण किया I
- श्री कश्मीर सिंह ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी, द्रंग-द्वितीय, पधर, जिला मंडी (हि.प्र.) से अधीक्षक ग्रेड-II के पद से पदोन्नत होकर 03 जनवरी, 2025 को अधीक्षक ग्रेड-I का पद ग्रहण किया I

## सेवानिवृतियां

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में गत वर्ष श्रीमती हिमा देवी, सेवादार के पद से सरकारी सेवाओं से 31 अक्टूबर, 2024 को सेवानिवृत हुई |

## स्थानान्तरण

सरकारी नौकरी पेशा व्यक्तियों के लिए स्थानान्तरण एक सामान्य प्रक्रिया है I इसके अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) से गत वर्ष निम्नलिखित सदस्यों का स्थानान्तरण हुआ :

- श्रीमती कलावत्ति, प्रयोगशाला परिचर का स्थानांतरण 10 जुलाई, 2024 को रा० व0 मा0 पा0 चिउणी तहसील थुनाग जिला मंडी को हुआ।
- श्री हेम राज, सेवादार का स्थानांतरण 24 जुलाई, 2024 को रा० व0 मा0 पाठशाला, निहरी सुनाह (लम्थाबाच) तहसील थुनाग जिला मंडी को हुआ।
- श्री सीता राम, अधीक्षक ग्रेड-II का स्थानांतरण 21 जनवरी, 2025 को अधीक्षक ग्रेड-II के पद सहित ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी, करसोग-द्वितीय, चुराग, जिला मंडी (हि.प्र.) को हुआ।

## रिक्तियां एवं नियुक्तियाँ

महाविद्यालय में प्राचार्य का 1 पद, प्राध्यापकों के 18 पद स्वीकृत हैं I इन में से 11 पद कला संकाय, 5 पद विज्ञान संकाय व 2 पद बाणिज्य विभाग के लिए सृजित है I इन 18 पदों में से केवल 11 पद भरे गए हैं, शेष 7 पद रिक्त हैं I गैर शिक्षक पदों में 26 पद सृजित हैं जिनमे से 18 पद भरे गए हैं और 08 पद रिक्त हैं I महाविद्यालय में सृजित, नियमित व रिक्त पदों का विवरण निम्नलिखित है:

| क्र० स० | विषय | स्वीकृत पद | नियमित | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| ❖ | प्राचार्य | 1 | 1 | - |

**शिक्षक वर्ग :**

| क्र० स० | विषय | स्वीकृत पद | नियमित | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| ❖ | अंग्रेजी | 2 | - | 2 |
| ❖ | अर्थशास्त्र | 1 | 1 | - |
| ❖ | इतिहास | 1 | 1 | - |
| ❖ | राजनीति शास्त्र | 1 | 1 | - |
| ❖ | भूगोल | 1 | - | 1 |
| ❖ | हिन्दी | 1 | 1 | - |
| ❖ | संस्कृत | 1 | 1 | - |
| ❖ | समाजशास्त्र | 1 | 1 | - |
| ❖ | शारीरिक शिक्षा | 1 | - | 1 |
| ❖ | संगीत | 1 | 1 | - |
| ❖ | वाणिज्य | 2 | 1 | 1 |
| ❖ | रसायन विज्ञान | 1 | - | 1 |
| ❖ | वनस्पति विज्ञान | 1 | 1 | - |
| ❖ | जंतु विज्ञान | 1 | 1 | - |
| ❖ | गणित | 1 | - | 1 |
| ❖ | भौतिक विज्ञान | 1 | 1 | - |
| **कुल** | | **18** | **11** | **07** |

**गैर शिक्षक वर्ग :**

| क्र० स० | विषय | स्वीकृत पद | नियमित | रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|
| ❖ | अधीक्षक ग्रेड –I | 1 | 1 | - |
| ❖ | वरिष्ठ सहायक | 1 | 1 | - |
| ❖ | लिपिक | 3 | 2 | 1 |
| ❖ | पुस्तकालयाध्यक्ष | 1 | - | 1 |
| ❖ | सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष | 2 | 2 | - |
| ❖ | पुस्तकालय परिचर | 1 | - | 1 |
| ❖ | वरिष्ठ प्रवक्ता सहायक | 1 | 1 | - |
| ❖ | कनिष्ठ प्रवक्ता सहायक | 2 | 1 | 1 |
| ❖ | प्रयोगशाला परिचर | 5 | 5 | - |
| ❖ | स्टोर कीपर | 1 | - | 1 |
| ❖ | रिस्टोरर | 1 | - | 1 |
| ❖ | तबलावादक | 1 | - | 1 |
| ❖ | सेवादार | 6 | 5 | 1 |
| **कुल** | | **26** | **18** | **08** |

## अध्यापक-अभिभावक संघ

किसी भी शिक्षण संस्थान के कार्यवहन को सुचारू रूप से चलाने के लिए अभिभावकों एवं शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है I इस सन्दर्भ में 12 सितम्बर, 2024 को प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में महाविद्यालय में अध्यापक-अभिभावक कार्यकारिणी का गठन किया गया I पी० टी० ए० कार्यकारिणी के माध्यम से महाविद्यालय में अनेक छात्र छात्राओं कि सुविधा के लिए कार्यकारिणी का अविस्मरणीय योगदान रहा I इस कार्यकारिणी में निम्नलिखित पदाधिकारियों का चयन सर्वसहमति से किया गया :

| **मुख्य सलाहकार** | **श्री भीम सिंह कालिया** |
|---|---|
| ***अध्यक्ष*** | श्री चंद्रमणि |
| ***उपाध्यक्ष*** | श्री धनेसरू देवी |
| ***सचिव*** | प्रो. बोध राज |
| ***सह-सचिव*** | श्रीमति रोशनी देवी |
| ***कोषाध्यक्ष*** | श्री ठाकर दास |
| ***AUDIT समिति*** | प्रो० अमिता |
| सदस्य | ➢ अभिभावक सदस्य श्रीमति दीपा देवी, श्री गिरजा नन्द I<br>➢ स्टाफ सदस्यों प्रो ओंकार शरण वरेश्वर सिंह, डॉ० यामिनी शर्मा I |

## पूर्व छात्र संघ

राजकीय महाविद्यालय सराज लंबाथाच में दिनांक 12 अप्रैल, 2024 को पूर्व छात्र संघ हिमाचल प्रदेश सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम, 2006 के अंतर्गत पंजीकृत है। इस संघ का उद्देश्य महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों को महाविद्यालय से जुड़े रहने व इसके विकास के लिए अपना स्वैछिक योगदान देना रहता है I जिसमे सत्र 2024-25 के लिए निम्नलिखित कार्यकारिणी का गठन किया गया |

| **अध्यक्ष** | **विजय कुमार** |
|---|---|
| ***उपाध्यक्ष*** | कमल देव |
| ***मुख्य-सचिव*** | पुष्पा देवी |
| ***कोषाध्यक्ष*** | गोविन्द राम |
| ***कार्यकारिणी सदस्य*** | राज कुमार, अमन सागर और सुंदर सिंह |
| ***मुख्य सलाहकार*** | प्रो0 बोध राज |

## केंद्रीय छात्र संघ

राजकीय महाविद्यालय सराज लंबाथाच में दिनांक 26 अक्तूबर, 2024 को केंद्रीय छात्र संघ पदाधिकारियों, कक्षा प्रतिनिधियों तथा अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मनोनीत सदस्यों के लिए शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया I

| अध्यक्ष | ज्योति कुमारी |
|---|---|
| ***उपाध्यक्ष*** | हेमलता ठाकुर |
| ***सचिव*** | दीया |
| ***सह-सचिव*** | ललित |
| ***कक्षा प्रतिनिधि*** | रवीना कुमारी, नवीन ठाकुर, पूजा, आरती, जय कुमारी, सुनीता कुमारी, लिक्षा ठाकुर और खीर गंगा I |
| ***सदस्य*** | मिनाक्षी, मुकेश कुमार, कामेश्वर, नीलम कुमारी, सोमनाथ, तेजा देवी, योग राज, ख़ुशी चोहान, मोनिका ठाकुर, मनोज कुमार, काजल ठाकुर, मोनिका ठाकुर और अमीषा कुमारी I |

## पुस्तकालय

महाविद्यालय के पुस्तकालय में अभी तक लगभग 5000 पुस्तकें उपलब्ध हैं | इसके अलावा पुस्तकालय में हिंदी तथा अंग्रेजी में दैनिक समाचार पत्रों की व्यवस्था की गयी है I छात्रों को सामान्य ज्ञान में जागरूक करने एवं प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने व रोजगार अवसरों की जानकारी के लिए मासिक पत्रिकाओं "प्रतियोगिता दर्पण", "योजना मासिक पत्रिका", "डाउन टू अर्थ" और "Competition Success Review" कुरुक्षेत्र, भाषा, खेल प्रतियोगिता दर्पण, विज्ञान प्रगति, विज्ञान की दुनिया पत्रिकाओं की व्यवस्था की गयी है I

## पत्रिका

महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका "**सराजिका**" विद्यार्थियों की सृजनात्मक प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करती है I जो अंग्रेजी, हिन्दी,वाणिज्य, विज्ञान, पहाड़ी और योजना प्रबंधन विषय से सुसज्जित है I इस पत्रिका में छात्रों द्वारा सृजित लेखों को प्रकाशित किया जाता है | सत्र 2024-25 के लिए प्राध्यापक वर्ग व् छात्र वर्ग से निम्नलिखित मुख्य संपादक, संपादक व उप-संपादक बनाए गए :

**मुख्य संपादक: प्रो. जया कुमारी**

- अंग्रेजी अनुभाग आचार्या संपादक: प्रो. यामिनी शर्मा
- हिन्दी अनुभाग आचार्य संपादक: प्रो. कुशाल सिंह
- संस्कृत अनुभाग आचार्य संपादक प्रो. नवल किशोर
- पहाड़ी अनुभाग आचार्य संपादक: डॉ० एल्लू राम
- योजना एवं वाणिज्य अनुभाग आचार्य संपादक: प्रो. बोध राज
- विज्ञान अनुभाग आचार्य संपादक: डॉ० दलीप सिंह

**संपादक मंडल :**

| क्रम | उप-संपादक | कक्षा | अनुभाग |
|---|---|---|---|
| ❖ | हेम लता | कला स्नातक तृतीय वर्ष | अंग्रेजी |
| ❖ | अमीषा | कला स्नातक तृतीय वर्ष | हिन्दी |
| ❖ | पल्लवी गुलेरिया | कला स्नातक तृतीय वर्ष | संस्कृत |
| ❖ | पायल शर्मा | कला स्नातक तृतीय वर्ष | पहाड़ी |
| ❖ | हँस राज | कला स्नातक तृतीय वर्ष | योजना, वाणिज्य |
| ❖ | चंद्रिका | विज्ञान स्नातक तृतीय वर्ष | विज्ञान |

## शिक्षणेत्तर गतिविधियाँ

**हिंदी पखवाड़े का आयोजन :**

राजकीय महाविद्यालय सराज लम्बाथाच में हिंदी पखवाड़े का आयोजन 14 सितम्बर, 2024 से 20 सितम्बर 2024 तक प्रो. कुशाल सिंह के नेतृत्त्व में किया गया I इस अवसर पर महाविद्यालय कार्यवाहक प्राचार्या श्रीमती जया ठाकुर मुख्यातिथि रही I हिंदी दिवस पर निबंध लेखन, कहानी लेखन, नारा /साहित्य कथन लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, कविता पाठन और भाषण प्रतियोगिताएँ करवाई गई जिसमे महाविद्यालय के छात्र -छात्राओं ने भाग लिया I इसमें महाविद्यालय प्राचार्या ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया I

**अंग्रेजी विभाग का कार्यक्रम:**

25 नवंबर 2024 को महाविद्यालय सराज लम्बाथाच में अंग्रेजी विभाग का कार्यक्रम "इनिशिएटिंग ए डायलॉग: इंग्लिश एडिशन" का आयोजन किया गया इसमें महाविद्यालय प्राचार्य श्री विक्रम सिंह ठाकुर मुख्य अतिथि और पीटीए के अध्यक्ष श्री चंदर मणि भी विशेष अतिथि के रूप में शामिल रहे I जिसमें छात्रों को अपनी क्षेत्रीय पहाड़ी भाषा, राष्ट्रीय भाषा हिंदी के साथ-साथ अंग्रेजी में भी पारंगत होने के लिए प्रोत्साहित किया, जो एक अंतरराष्ट्रीय भाषा है और इसलिए वैश्विक ज्ञान से जुड़ने में मदद करती है।

**समाजशास्त्र विभाग का कार्यक्रम:**

- समाजशास्त्र विभाग ने 6 सितंबर, 2024 को महाविद्यालय में फिल्म स्क्रीनिंग कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमे प्रदर्शित फिल्म: चंदू चैंपियन (2024), अभिनीत: कार्तिक आर्यन, विजय रूज, भुवन अरेपा, रन टाइम: 142 मिनट को प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मीडिया का उपभोग करते समय छात्रों की विश्लेषणात्मक क्षमताओं को विकसित करना था। यह समाजशास्त्र के छात्रों के लिए अनिवार्य था I

- 1 अक्टूबर, 2024 को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर, समाजशास्त्र विभाग ने कॉलेज में दादा-दादी दिवस का आयोजन किया। छात्रों ने अपने दादा-दादी पर निबंध लिखे थे और उन्हें दर्शकों के सामने पढ़ा गया, उनके दादा-दादी ने कुछ निबंध व्यक्तिगत और भावनात्मक थे जबकि अन्य जानकारीपूर्ण थे।

**कैरियर गाइडेंस काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल:**

20 सितंबर 2024 को राजकीय महाविद्यालय सराज लंबाथाच में कैरियर गाइडेंस काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल ने महाविद्यालय प्राचार्या जया कुमारी के निर्देशानुसार बीएससी, बीए तथा बी कॉम विद्यार्थियों को डाक विभाग में बेहतर कैरियर बनाने के लिए कैरियर गाइडेंस सत्र का आयोजन किया गया I मुख्य वक्ताओं संजय भारद्वाज, उप मंडल निरीक्षक मंडी, दिनेश इंडिया पोस्ट बीमा भुगतान बैंक मंडी, शिव शरण पठानिया पीएलआई/आरपीएलआई के विकास अधिकारी, हर्षिता कुमारी शाखा डाकपाल सुनाह लंबाथाच, लोकेंद्र डाक वितरक शाखा डाकघर लंबाथाच विद्यार्थियों को डाक विभाग में कैरियर प्रगति, आत्मविश्वास व काबिलियत बढ़ाने, बेहतर व अच्छा रोजगार चुनने डाक बचत योजना, डाक जीवन बीमा, म्यूचुअल फंड, आवर्ती जमा खाता, सामयिक जमा, डाक मासिक निवेश योजना, सार्वजनिक भविष्य निधि, किसान विकास पत्र, राष्ट्रीय बचत योजना, मनीऑर्डर, सैन्य मेल, स्टाम्प संग्रह, पासपोर्ट, माल का भुगतान, अंतर्राष्ट्रीय मेल और जीवन के हर क्षेत्र में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी I

### तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन :

सराज महाविद्यालय में हिमालयन इंस्टिट्यूट ऑफ़ कल्चरल हेरिटेज स्टडी संस्था की ओर से तीन दिवसीय दिंनाक 15 से 18 अक्टूबर, 2024 तक ग्राम धरोहर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के छात्रों को बेस्ट फ्रॉम बेस्ट के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण संबंधी जानकारियां प्रदान की जा रही है इस संस्था का मुख्य उद्देश्य क्लीन हिमालय क्लीन और पर्यावरण संरक्षण है 3 दिन के इस प्रशिक्षण में छात्रों ने आर्ट एंड क्राफ्ट के माध्यम से ने उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया I ग्राम धरोहर कार्यशाला में महाविद्यालय के 60 छात्र प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन:-

राजकीय महाविद्यालय सराज लंबाथाच में 18 व 19 अक्टूबर, 2024 को दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आईआईटी मंडी के प्रोफेसर, डॉक्टर सौम्या मालवीय रहे | इस दो दिन के सत्र में पहले दिन लगभग 60 प्रतिभागियों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किया | इसमें ऑनलाइन माध्यम से भी 10 शोधकर्ताओं ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये | महाविद्यालय सराज द्वारा आयोजित इस संगोष्ठी का मुख्य मकसद अंतरराष्ट्रीय स्तर तक स्थानीय भाषा के ज्ञान को उजागर करना था | इस संगोष्ठी में देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालय से आए हुए शोधार्थियों ने भाग लिया | जिसमें आईआईटी मुंबई, दिल्ली विश्वविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय और अंबेडकर विश्वविद्यालय पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़, आईआईटी मंडी और हिमाचल के विभिन्न कॉलेजों के प्रध्यापकों ने भी अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये | इस संगोष्ठी में अलग-अलग विषयों पर छात्रों द्वारा ज्ञानवर्धक जानकारियां अपने शोध पत्र के माध्यम से प्रस्तुत की गई |

### संविधान एवं एनसीसी दिवस का आयोजन:

राजकीय महाविद्यालय सराज लंबाथाच 25 नवम्बर, 2024 को संविधान एवं एनसीसी दिवस राजनीतिक शास्त्र विभाग द्वारा मनाया गया। जिसके मुख्य अतिथि डॉ योगेंद्र पाल शर्मा (सेवानिवृत प्राचार्य) जी रहे। उनके साथ विशेष अतिथि के रूप में प्राचार्य श्री विक्रम सिंह ठाकुर जी रहे। इसके साथ साथ पीटीए के प्रधान एवम सलाहकार अतिथि के रूप रहे। संविधान दिवस पर संविधान की विशेषता पर विद्यार्थियों ने शानदार वक्तव्य एवम कविताओं से समा बांधा। संविधान पर एक प्रश्नोत्री प्रतियोगिता का भी आयोजन किया एवम हास्य नाटिका का भी आयोजन किया गया। संविधान दिवस पर पूर्व छात्र संघ, पीटीए कार्यकारिणी एवम स्थानीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निहरी सुनाह के अध्यापकों ने भी भाग लिया।

### मतदाता पंजीकरण अभियान:

राजकीय महाविद्यालय सराज लंबाथाच में निर्वाचन कार्यालय थुनाग के द्वारा मतदाता पंजीकरण अभियान का आयोजन किया गया. यह अभियान निर्वाचन कानूनगो अधिकारी चंदर राणा के नेतृत्व में चलाया गया. उनके साथ निर्वाचन कार्यालय के अन्य कर्मचारियों के साथ पांच बी एल ओ अधिकारियों ने भाग लिया. महाविद्यालय प्राचार्य विक्रम सिंह ठाकुर ने अपने संबोधन में निर्वाचन कार्यालय की समस्त टीम का स्वागत किया तथा विद्यार्थियों को लोकतन्त्र की सफलता के लिये हर तरह की निर्वाचन संबंधी गतिविधि में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया I

### इतिहास यात्रा कार्यक्रम:

महाविद्यालय सराज लंबाथाच के इतिहास विभाग द्वारा "इतिहास यात्रा" नामक विभागीय प्रोग्राम का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर विक्रम सिंह ठाकुर ने की। इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जया ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि "इतिहास यात्रा" में भारतीय इतिहास पर भाषण, कविता वाचन, पोस्टर मेकिंग एवम प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया I

**एन .सी.सी. :**

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में 24 दिसंबर 2020 को 18 विद्यार्थियों को एनसीसी के प्रथम वर्ष में कैडेट के रूप में भर्ती कर महाविद्यालय में एनसीसी का शुभारंभ किया गया था I वर्तमान सत्र में 15 कैडेट्स की भर्ती के साथ महाविद्यालय में तीनों वर्षो में कुल कैडेट्स की संख्या 54 हो गई है I डॉ० एल्लू राम की अध्यक्षता में महविद्यालय में एनसीसी बेहतरीन कार्य कर रही है I सत्र 2024-25 के लिए सीनियर अंडर ऑफिसर हितेंदर कुमार के नेतृत्व में महाविद्यालय में निम्नवत कार्य किए गये :

- महाविद्यालय के एनसीसी इकाई ने दिनांक 14 नवम्बर से 23 नवम्बर[ 2024 तक CATC कैंप, पंडोह में भाग लिया I
- एनसीसी इकाई के सदस्य SUO हितेंदर कुमार UC मुकेश ने आर्मी अटैचमेंट कैंप, पठानकोट में भाग लिया और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया I
- एनसीसी इकाई के सदस्य नीरज शर्मा, महेंदर कुमार और भानु प्रिय ने पंजाब के मलोट भटिंडा में चौदह दिवसीय बेसिक कैंप में भाग लिया I
- एनसीसी इकाई के दो सदस्य SGT मीनाक्षी और SGT तृप्ता ने आर्मी अटैचमेंट कैंप धर्मशाला में भाग लिया I

**राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)**

राजकीय महाविद्यालय सराज में वर्तमान में एनएसएस की 1 यूनिट है जिसमे 100 स्वयंसेवी पंजीकृत हैं | महाविद्यालय में सहायक आचार्य बोध राज एवम सहायक आचार्य डॉ0 यामिनी शर्मा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी है |

- सव्यम्सेवी यशवन्त पुत्र श्री ओम प्रकाश स्नातक तृतीय वर्ष ने राष्ट्रीय युवा संगम में तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में जनवरी, 2024 में भाग लिया I
- राजकीय महाविद्यालय सराज लम्बाथाच में साथ दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 18 फरवरी से 24 फरवरी 2025 तक करवाया गया जिसमे स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय के साथ साथ लम्बाथाच बाज़ार में सफाई अभियान चलाया और गोद लिए गाँव गलशाकरा में नशे की बद्त्ति प्रवृति पर नुकड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसको ग्रामीणों ने खूब सराहा, इसके साथ साथ शैक्षणिक सत्रों में पंचायती राज, वन अभ्यारणय, आयुर्वेद, आपदा प्रवंदन एवं डिजिटल लिटेरेसी जैसे विषयों से विशेय्गों ने सभो सवायम्सेविओं का मार्गदर्शन किया
- ३० सितम्बर 2024 को न्यू लाइफ लाइन एन जिओ के साथ मिलकर एन एस एस इकाई लम्बाथाच ने रक्तदान शिविर में रक्तदान किआ जिसमे अन्य क्लब्स एंड सोसाइटीज ने मिलकर 41 यूनिट रक्त एकत्रित किया
- इसके अतिरिक्त महाविद्यालय की एन एस एस इकाई ने उपमंडल स्तर 15 अगस्त, 2024 को सव्त्रन्त्रता दिवस में जन्जेहली तथा 26 जनवरी, 2025 गणतंत्र दिवस को थुनाग में भाग लिया
- युवा खेल मामले भारत सरकार के बैनर तले महाविद्यालय में स्वच्छ भारत अभियान के अन्तरगत सफाई अभियानों का समय समय पर श्रमदान स्वयंसेवी करते है

**रोवर्ज एंड रेंजर्ज (ROVERS & RANGERS)**

भारत स्काउट एंड गाइड के सौजन्य से महाविद्यालय में रोवर्स एंड रेंजर्स की इकाई गठित है। महाविद्यालय में सहायक आचार्य डॉ. नवल किशोर एवं सहायक आचार्या अमिता भारत स्काउट एंड गाइड कार्यक्रम अधिकारी है | सत्र 2024-2025 में 23 छात्र रोवर्स व 27 छात्राएँ रेंजर्स में पंजीकृत हैं। सत्र 2024-2025 के लिए श्रेष्ठ रोवर्स टिंकुश ठाकुर बी.ए. प्रथम वर्ष और श्रेष्ठ रेंजर्स गीतांजलि बी.ए. तृतीय वर्ष को चयनित किया गया है।

**रेड-रिब्बन क्लब (Red Ribbon Club) :**

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में रेड रिब्बन क्लब इकाई का गठन किया गया जिसमें वर्तमान में 130 छात्र –छात्रायें इसके सदस्य हैं I इस क्लब के नोडल अधिकारी प्रो रमेश चंद कटारिया हैं I इस क्लब का उदेश्य छात्रों में सामाजिक कल्याण व उत्थान कार्यों के लिए प्रेरित करना रहता है I **इस क्लब द्वारा** वर्ष 2024-25 में निम्नलिखित गतिविधियाँ की गई :

- 12 अगस्त 2024 को राजकीय महाविद्यालय सराज स्थित लंबाथाच में "अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस" के उपलक्ष्य में नशा मुक्त भारत अभियान की थीम" विकसित भारत का मंत्र, भारत हो नशे से स्वतंत्र" के अंतर्गत स्वयं को, मित्रों को , परिवार, समाज और राष्ट्र को नशा मुक्त करने के लिए राजकीय महाविद्यालय सराज स्थित लंबाथाच में नशा मुक्ति प्रतिज्ञा और फ्लैश मोब का आयोजन किया गया|
- 21 सितंबर 2024 को राजकीय महाविद्यालय सराज लंबाथाच में रेड रिबन क्लब लंबाथाच और द हंस फाउंडेशन ने मिलकर "Healthy Heart"'स्वस्थ हृदय स्वस्थ समाज, विषय पर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया|
- राजकीय महाविद्यालय सराज लंबाथाच में रेड रिबन क्लब द्वारा आज दिनांक 10 अक्टूबर 2024 को राजकीय महाविद्यालय सराज लंबाथाच में रेड रिबन क्लब द्वारा " एड्स का ज्ञान बचाए जान" के विषय पर एड्स जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया| कार्यक्रम के संयोजक और रेड रिबन क्लब के नोडल अधिकारी प्रोफेसर रमेश कटारिया ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य वक्ताओं का, शिक्षक वर्ग, गैर शिक्षक वर्ग तथा समस्त विद्यार्थियों का धन्यवाद किया|

**रक्तदान शिविर का आयोजन :-**

राजकीय महाविद्यालय सराज लंबाथाच के तत्वावधान में आज दिनांक 30 सितंबर 2024 को रेड रिबन क्लब,एनसीसी, एनएसएस एवं रोवर्स एंड रेंजर्स के संयुक्त प्रयासों से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर के आयोजन में न्यू लाइफ लाइन एनजीओ ने भी भूमिका निभाई तथा एनजीओ के करीब 8 सदस्यों के द्वारा रक्तदान किया गया। महाविद्यालय में करीब 41 यूनिट रक्त एकत्र किया गया |

**इको क्लब :**

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में इको क्लब का गठन किया गया है जिसमें 50 छात्र –छात्रायें पंजीकृत हैं I इस क्लब का उदेश्य छात्रों में स्वच्छता, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, सामाजिक कल्याण व उत्थान कार्यों के लिए प्रेरित करना रहता है |

**रोड सेफ्टी क्लब:**

राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच) में रोड सेफ्टी क्लब का गठन किया गया है जिसमें 50 छात्र –छात्रायें पंजीकृत हैं| रोड सेफ्टी क्लब ने छात्रों के बीच जागरूकता बढ़ाने और नेतृत्व गुणों को बढ़ावा देते हुए सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए उनके ज्ञान और कौशल को बढ़ाने के लिए 2024-25 सत्र के दौरान परिसर में कई गतिविधियों का आयोजन किया है। छात्रों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा उपायों और सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व के बारे में शिक्षित किया गया। सड़क पर होने वाली मौतों को रोकने और दीर्घायु को बढ़ावा देने के व्यापक लक्ष्य के साथ, दुर्घटनाओं के दौरान दूसरों की सहायता करने के लिए व्यक्तिगत जिम्मेदारी पर जोर दिया गया था।इस सत्र के दौरान, रोड सेफ्टी क्लब ने कॉलेज समुदाय के भीतर एक विशेष अभियान चलाया। जिसमे 12 दिसम्बर, 2024 को नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, 13 दिसम्बर को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, इसके बाद 4 मार्च को पोस्टर और पेंटिंगप्रतियोगिता का आयोजन किया गया| 5 मार्च को जिंगल/एकल गीत एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। रोड सेफ्टी क्लब ने 5 मार्च 2025 को महाविद्यालय परिसर से लंबाथाच बाजार तक सड़क जागरूकता रैली निकाली।

## **Sensitisation, Prevention and Redressal of Sexual Harassment (SPARSH) CELL:**

राजकीय महाविद्यालय सराज लंबाथाच में **SPARSH CELL** गठित है जिसका उद्देश्य छात्राओं स्वास्थ्य और स्वच्छता सम्बन्धी विषयों के बारे में जागरूक करना है। SPARSH सेल ने महाविद्यालय में निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया I

- 23 अगस्त 2024 को, कॉन्वीनर प्रोफेसर अमिता ने एक इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने छात्रों को गुड़िया हेल्पलाइन और SPARSH सेल के उद्देश्यों और लक्ष्यों के बारे में जागरूक किया।
- 10 फरवरी 2025 को, प्रोफेसर जया (कॉन्वीनर) और डॉ. यामिनी ने "सोशल मीडिया का नैतिक उपयोग" पर एक विशेष सत्र का आयोजन किया। इस सत्र में उन्होंने छात्रों को सोशल मीडिया के दुरुपयोग, साइबरबुलिंग, और साइबरक्राइम के बारे में जागरूक किया और उन्हें जिम्मेदार तरीके से सोशल मीडिया का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया।
- 25 फरवरी 2025 को, SPARSH सेल ने महिला और बाल विकास विभाग, जन्जेहली के सहयोग से "मासिक धर्म स्वच्छता और महिलाओं में एनीमिया" पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में सीडीपीओ श्री रमेश चंद ठाकुर और एएमओ लंबाथाच डॉ. शिवानी शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया। उन्होंने सरकारी योजनाओं, नियमों और प्रावधानों के बारे में जानकारी दी और छात्रों को मासिक धर्म स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक किया।
- राजकीय महाविद्यालय सराज लंबाथाच में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 08 मार्च, 2025 को मनाया गया। जिसमें नारा लेखन, निबन्ध लेखन, भाषण प्रतियोगिता एवं कविता वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## खेल-कूद प्रतियोगिता

खेल छात्रों के विकास और विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। खेलों में भाग लेने से शरीर के मानसिक स्वास्थ्य और शारीरिक फिटनेस के विकास में मदद, एक छात्र विभिन्न कौशल, अनुभव और आत्मविश्वास प्राप्त करता है जो उनके व्यक्तित्व के विकास में सहायक होते हैं।

### वार्षिक खेल-कूद संगम :

राजकीय महाविद्यालय सराज, लंबाथाच में राष्ट्रीय खेल दिवस पर "खेल सप्ताह" का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यतः वॉलीबाल, कबड्डी, जेवलिन, डिस्कस थ्रो, शॉटपुट एवम् जूडो दोनों वर्गों महिला एवम पुरुष में किया गया I मुख्यातिथि श्रीमती जया ठाकुर ने सभी विद्यार्थियों को खेल भावना के साथ सभी खेलों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। खेल सप्ताह के आरंभ में वॉलीबाल के मैच का आरंभ किया गया। खेल सप्ताह का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में खेल के प्रति रुचि पैदा करना तथा खेल के माध्यम से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक विकास से है। इसमें महिला वर्ग से सीता देवी और पुरुष वर्ग में डेविड को सर्वश्रेष्ठ खिलाडी चुने गये I

### अंतर- महाविद्यालय प्रतियोगिता :

- हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा अंतर महाविद्यालय खो-खो पुरुष वर्ग खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन रा० महविद्यालय हरिपुर आनी जिला कुल्लू द्वारा किया गया I इस प्रतियोगिता में महविद्यालय की टीम ने भी भाग लिया I जिसमे मनोज कुमार बी०ए० तृतीय वर्ष का चयन अंतर विश्विद्यालय प्रतियोगिता के लिए हुआ I
- हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा अंतर महाविद्यालय खो-खो महिला वर्ग खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन रा० महविद्यालय नाहन जिला सिरमौर द्वारा किया गया I इस प्रतियोगिता में महविद्यालय की टीम ने भी भाग लिया I
- हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा अंतर महाविद्यालय जुडो महिला वर्ग / पुरष पुरष वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन रा० महविद्यालय राजगढ़ जिला सिरमौर द्वारा किया गया I इस प्रतियोगिता में महविद्यालय की टीम ने भी भाग लिया I इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्रा कीर्ति ने रजत पदक जीता I

## वार्षिक सांस्कृतिक समारोह

मार्च 19, 2025 को महाविद्यालय के छात्रों द्वारा वार्षिक सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया | जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य श्री विक्रम सिंह ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे | इसमें छात्रों ने एकल गीत, एकल-नृत्य, युगल नृत्य समूह गान, पहाड़ी नाटी व फैंसी ड्रेस, नाटक इत्यादि प्रतिस्पर्धाओं में भाग लिया | इस समारोह में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्सकार देकर सम्मानित किया गया |

## शिक्षकों की व्यक्तिगत उपलब्धियां

**प्रो० जया कुमारी (सह आचार्या, इतिहास विभाग):**

- IOT एकेडमी कोयंबटूर तमिलनाडु द्वारा आयोजित सात दिवसीय FDP में अध्यापक के लिए वक्तितव विकास विषय पर आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम में 09 सितम्बर, 2024 से 17 सितम्बर, 2024 तक भाग लिया I
- राजकीय महाविद्यालय कुल्लू द्वारा आयोजित FDP में NEP-2020 विषय पर आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम में 16 सितम्बर, 2024 से 22 सितम्बर, 2024 तक भाग लिया I
- राजकीय महाविद्यालय सराज द्वारा आयोजित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में हिमाचल प्रदेश की संस्कृति और लोककथाओं का संरक्षण विषय पर पत्र प्रस्तुत किया I

**प्रो० रमेश चंद कटारिया (सह आचार्य, जंतु विभाग):**

- राजकीय महाविद्यालय सराज द्वारा आयोजित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया I
- स्प्रिंगर द्वारा प्रकाशित पुस्तक में उच्च पौधों द्वारा रासायनिक प्रदूषकों और भारी धातुओं की फाइटोरेमेडिएशन पर अध्याय प्रकाशित किया |
- आईक्यूएसी और विज्ञान संकाय, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज धरमपुर, मंडी द्वारा 24-25 अक्टूबर, 2024 को आयोजित "संकट में त्रिकोणीय संघर्ष में प्रौद्योगिकी की भूमिका: जैव विविधता हानि, जलवायु परिवर्तन और एक सतत भविष्य" विषय पर दो दिवसीय सम्मेलन में भाग लिया है। उन्होंने एक तकनीकी सत्र में अध्यक्ष के रूप में कार्य किया है।
- न्यूक्लियस ऑफ़ लर्निंग एंड डेवलपमेंट के सहयोग से गवर्नमेंट कॉलेज करसोग, जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश द्वारा 23 से 28 दिसंबर 2024 तक आयोजित "टूल्स में एआई का उपयोग: रणनीतिक शिक्षण दृष्टिकोण की ओर एक कदम" विषय पर एक सप्ताह के ऑनलाइन राष्ट्रीय स्तर के संकाय विकास कार्यक्रम में भाग लिया।

**डॉ० राजिंदर सिंह तोमर (सहायक आचार्य, संगीत-गायन):**

- राजकीय महाविद्यालय सराज द्वारा आयोजित दो दिवसीय 18/10/2024 से 19/10/2024 तक आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में "वर्तमान मानक में हिमाचली लोक संगीत का संरक्षण एवं संवर्धन" पर एक पेपर प्रस्तुत किया, जिसका शीर्षक है- 'स्थानीयकरण ज्ञान निर्माण: स्थानीय भाषा को मजबूत करने की दिशा शोध पत्र प्रस्तुत किया I
- यूजीसी अनुमोदित जर्नल आईजेसीआरटी में प्रकाशित पेपर और "हिमाचली लोक संगीत में व्यावहारिक लोक तालों का अध्ययन" पर गूगल स्कॉलर द्वारा इम्पैक्ट फैक्टर 7.97, पेपर आईडी: आईजेसीआरटी 2501049, वॉल्यूम 13 अंक 1, जनवरी 2025 जो 04-जनवरी-2025 को प्रकाशित हुई, यूजीसी अनुमोदित जर्नल संख्या: 49023 (18) विद्वानों की ओपन एक्सेस जर्नल, पीयर-रिव्यू और रेफर्ड जर्नल का प्रकाशन किया।

**डॉ० दलीप सिंह (सहायक आचार्य, भौतिक विज्ञान):**

- राजकीय महाविद्यालय सराज द्वारा आयोजित दो दिवसीय 18/10/2024 से 19/10/2024 तक आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया I

**प्रो० कुशाल सिंह (सहायक आचार्य, हिंदी विभाग):**

- IOT एकेडमी कोयंबटूर तमिलनाडु द्वारा आयोजित सात दिवसीय FDP में अध्यापक के लिए वक्तितव विकास विषय पर आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम में 09 सितम्बर, 2024 से 17 सितम्बर, 2024 तक भाग लिया I
- राजकीय महाविद्यालय सराज द्वारा आयोजित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में हिंदी में अनुवाद की चुनौतियाँ विषय पर पत्र प्रस्तुत किया I
- IOT एकेडमी कोयंबटूर तमिलनाडु द्वारा आयोजित सात दिवसीय FDP में शोध-कला विषय पर आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम में 06 जनवरी, 2025 से 13 जनवरी, 2025 तक भाग लिया I

**प्रो० ओंकार शरण वरेश्वर सिंह (सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग):**

- राजकीय महाविद्यालय सराज द्वारा आयोजित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में मलाना के स्थानीय निवासियों के जीवन में सामाजिक आर्थिक व्यवस्था और उसका महत्त्व के विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया ।
- राजकीय महाविद्यालय स्याज जिला कुल्लू द्वारा आयोजित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Dev Jamlu, the Reverd Lord of Malana, a simbol of Tradition and Continuty in the times of Transformation" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

**प्रो० बोध राज (सहायक आचार्य, वाणिज्य विभाग):**

- राजकीय महाविद्यालय कुल्लू द्वारा आयोजित FDP में NEP-2020 विषय पर आयोजित ऑनलाइन कार्यक्रम में 16 सितम्बर, 2024 से 22 सितम्बर, 2024 तक भाग लिया ।
- राजकीय महाविद्यालय सराज द्वारा आयोजित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Impact of Shikari Devi Temple Tourism in economy of Local People of Seraj Valley" विषय पर पत्र प्रस्तुत किया ।

**प्रो० अमिता (सहायक आचार्या, अर्थशास्त्र विभाग):**

- राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर जिला मंडी द्वारा आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में "The Future of Toursim: Navigation Climate Change" विषय पर 27-09-2024 को शोध पत्र प्रस्तुत किया ।
- राजकीय महाविद्यालय सराज द्वारा आयोजित दो दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में "Impact of Shikari Devi Temple Tourism in economy of Local People of Seraj Valley" विषय पर पत्र प्रस्तुत किया ।

**प्रो० नवल किशोर (सहायक आचार्य, संस्कृत विभाग):**

- राजकीय महाविद्यालय सराज द्वारा आयोजित दो दिवसीय 18/10/2024 से 19/10/2024 तक आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शोध पत्र प्रस्तुत किया ।
- राजकीय महाविद्यालय आनी हरिपुर जिला कुल्लू द्वारा आयोजित हिमाचल प्रदेश में साहित्य परिषद एवं संगीत परिषद् द्वारा लोक साहित्य एवं संस्कृति :विरासत, नवाचार विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्टी में स्रोत वक्ता के रूप में लोक संस्कृति पर उपनिषद एवं संस्कृत साहित्य का प्रभाव विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

**डॉ० यामिनी शर्मा (सहायक आचार्या, समाजशास्त्र विभाग):**

- डॉ० यामिनी शर्मा (आचार्या, समाजशास्त्र) विभाग ने डॉ. भीम राव आंबेडकर विश्विद्यालय दिल्ली से "Everyday life as a "Scheduled tribe": A study of the Swanglas of Himachal Pradesh" शोध विषय पर अपनी विद्या वाचस्पति की उपाधि 13 दिसम्बर, 2024 प्राप्त की ।
- डॉ० यामिनी शर्मा (आचार्या, समाजशास्त्र) ने आई0 आई0 टी0 मंडी द्वारा 23 से 25 अक्टूबर, 2024 को भारत में "हिमाचल प्रदेश में पृथक जनजाति की धारणा को चुनौती" विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया ।
- डॉ० यामिनी शर्मा (आचार्या, समाजशास्त्र) ने पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना में 01 से 02 मार्च, 2025 को भारत में गुणात्मक शिक्षा तक पहुँच चुनौतियां और अवसर विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

**डॉ० ऐलू राम (सहायक आचार्य, वनस्पति विभाग):**

- डॉ० एल्लू, सहायक प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान, ने भारतीय मायकोलॉजिकल सोसाइटी के अन्तर्राष्ट्रीय शोध पत्रिका में "हिमाचल प्रदेश के जंगली फंगस" पर शोध पत्र जुलाई, 2024 को प्रकाशित किया।
- डॉ. एल्लु, सहायक प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान ने सराज लम्बाथाच के द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में स्थानीय लोगों द्वारा उपयोग किए जाने वाले जंगली मशरूम पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया।

# आभार

इससे पहले कि मैं अपनी वाणी को विराम दूँ, मैं अन्तर्मन की गहराईयों से एक बार फिर मुख्य-अतिथि माननीय डॉ0 जगजीत सिंह पटियाल, प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय करसोग, जिला मंडी, का इस समारोह में पधारने पर आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होंने अपनी व्यस्तताओं के बाबजूद अपना अमूल्य समय विद्यार्थियों के मार्गदर्शन के लिए दिया और विभिन्न क्षेत्रो में अर्जित उपलब्धियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित हो कर हमें अनुगृहीत किया I मैं इस अवसर पर उपस्थित स्थानीय प्रशासन, मीडिया वर्ग व अन्य अतिथिगण का भी धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने हमें समय-समय पर अपना पूर्ण सहयोग दिया है I मैं महाविद्यालय के विद्यार्थियों , केन्द्रीय छात्र परिषद, पी० टी० ए० प्रधान व कार्यकारणी सदस्यों, अभिभावकों, आचार्यवृंद व सभी गैर शिक्षक कर्मचारियों का हार्दिक धन्यवाद करता हूँ जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान दिया I मैं समस्त पुरस्कार विजेताओं को बधाई देता हूँ और तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूँ I

"जय हिंद"

विक्रम सिंह ठाकुर
**प्राचार्य**
**राजकीय महाविद्यालय सराज (लम्बाथाच)**